
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 225 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...एक और महत्वाकांक्षी पहल

देहरादून, शनिवार, 11 दिसंबर 2021

# पेज थ्री





मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0° | 38243.39

2 नासा को देनी पड़ी चेतावनी | 7 कुछ लोग कोच बनने नहीं देता चाहते थे

# अलविदा जनरल बिपिन रावत

## 17 तोपों की सलामी, बेटियों ने दी मुखाग्नि

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। हेलीकाप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले सेना के सबसे बड़े अधिकारी चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत व उनकी पत्नी मधुलिका का पूरे सैन्य सम्मान के साथ दिल्ली कैंट के बरार स्क्वायर स्थित श्मशान भूमि में शुक्रवार शाम पांच बजे अंतिम संस्कार किया गया। यहां पर जनरल रावत को 17 तोपों की सलामी देने के साथ ही 33 सैन्यकर्मियों ने आखिरी बिदाई दी। श्मशान भूमि परिसर में मौजूद लोगों की नम आंखों के साथ ही पूरा हिंदुस्तान अपने इस बहादुर आफिसर को आखिरी बिदाई दे रहा था।

अंतिम संस्कार के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कई पूर्व सेना अध्यक्ष, फ्रांस, बांग्लादेश, भूटान के अलावा अन्य देशों के अधिकारी के साथ ही सेना के आठ सौ जवान मौजूद रहे। इससे पहले सुबह नौ बजे इसी हादसे में जान गंवाने वाले ब्रिगेडियर एलएस लिड्डर का अंतिम संस्कार भी यहीं पर किया गया। ब्रिगेडियर लिड्डर को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सुबह ही श्मशान भूमि पहुंचे थे।

**भारत माता की जय के नारे के साथ दी गई श्रद्धांजलि:** कामराज मार्ग स्थित जनरल रावत के आवास से दोपहर करीब सवा दो बजे अंतिम यात्रा शुरू हुई। जनरल रावत को सर्वोच्च सम्मान देते हुए उनका पार्थिव शरीर गन कैरेज पर बरार स्क्वायर तक लाया गया। गन कैरेज के आगे व पीछे तीनों सेना के 99–99 जवान साथ चल रहे थे। साथ ही हजारों लोगों का हुजूम हाथ में तिरंगा व भारत माता की जय के नारे के साथ अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दे रहा था।

**एकटक माता-पिता को निहारती रहीं बेटियां:** जनरल रावत के आधिकारिक आवास से शुरू हुई अंतिम यात्रा कृतिका और तारिणी के लिए जिंदगी का सबसे भारी सफर रहा। दोनों बेटियों ने अपने माता–पिता के अवशेषों को तोपगाड़ी में अंत्येष्टि के लिए ले जाए जाने से पहले संबंधित पारंपरिक अनुष्ठान किए। बरार स्क्वायर में दोनों बेटियां गुमसुम बैठी रहीं, एकटक बस अपने माता–पिता को निहारती रहीं।

**विदेश की गणमान्य हस्तियां रहीं मौजूद**

जनरल रावत और उनकी पत्नी मधुलिका को अंतिम विदाई देने वालों में फ्रांस के राजदूत इमैनुल लेनाइन और भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस शामिल रहे। इसके अलावा, कई देशों के अधिकारियों ने दिवंगत सैन्य अधिकारी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



**बेटी कृतिका व तारिणी ने दी मुखाग्नि**

बरार स्क्वायर पर पार्थिव शरीर 3:35 बजे पहुंचा। पार्थिव शरीर पहुंचने के बाद सेना के तीनों अंगों की टुकड़ियों ने सलामी दी। इसके बाद पार्थिव शरीर को श्मशान भूमि ले जाया गया। यहां करीब एक घंटे तक पूर्व सैन्य अधिकारी, सैन्य अधिकारी सहित अन्य प्रमुख लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बेटी कृतिका व तारिणी ने जनरल बिपिन रावत व मधुलिका रावत को मुखाग्नि दी। सुबह ब्रिगेडियर एलएस लिड्डर को भी उनकी बेटी ने ही मुखाग्नि दी थी। इस दौरान हर शख्स की आंखें नम थी।



**श्रद्धांजलि**

*स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत देश के सबसे बहादुर सैनिकों में से एक थे। उनका आकस्मिक निधन पूरे देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। वह हमेशा हमारी यादों में रहेंगे।*

## संक्षिप्त समाचार

### बांदीपोरा में पुलिस टीम पर आतंकवादी हमला, दो जवान शहीद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। कश्मीर के बांदीपोरा में आतंकियों ने पुलिस टीम को निशाना बनाकर हमला किया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए हैं। पूरे इलाके में सर्च आपॅरेशन शुरू कर दिया गया है ताकि हमला करने वाले आतंकियों का पता किया जा सके। शुक्रवार को बांदीपोरा के गुलशन चौक इलाके में पुलिस की टीम तैनात थी ताकि बाजार में सुरक्षा को देखा जा सके।

### घर में पढ़ें, खुले में नमाज सहन नहीं किया जाएगा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

गुरुग्राम। खुले में नमाज को लेकर एक बार फिर शुक्रवार को गुरुग्राम में विरोध की घटनाएं सामने आई हैं। उधर हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर का इस पूरे मामले में सख्त बयान आया है। सीएम खट्टर ने कहा कि कोई अगर अपनी जगह पर नमाज पढ़ता है, पाठ पढ़ता है उसमें हमें कोई दिक्कत नहीं है।




## सादगी, सहजता हमेशा हमारे दिलों में रहेंगी: मुख्यमंत्री धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को दिल्ली कैंट के बरार स्क्वायर श्मशान घाट पर सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी सादगी, सहजता हमेशा हमारे दिलों में रहेंगी। देश की सेना एवं सीमाओं की रक्षा के लिए जनरल बिपिन रावत के योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष/विधायक मदन कौशिक ने भी जनरल बिपिन रावत एवं उनकी पत्नी को श्रद्धांजलि दी।

## भारत में लोकतंत्र है और आगे भी रहेगा: पीएम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**समिट फार डेमोक्रेसी**

- पीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए समिट फार डेमोक्रेसी को किया संबोधित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए समिट फार डेमोक्रेसी को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे इस शिखर सम्मेलन में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। लोकतंत्र की भावना हमारी सभ्यता का अभिन्न अंग है। सदियों का प्रवासीय शासन भी भारतीय लोगों की लोकतांत्रिक भावना को नहीं दबा सका था। भारत की कहानी दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि लोकतंत्र लागू किया जा सकता है। भारत में लोकतंत्र है और लोकतंत्र आगे भी जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सदियों का औपनिवेशिक शासन भारतीय लोगों की लोकतांत्रिक भावना को दबा नहीं सका। इसने भारत की स्वतंत्रता के साथ फिर से पूर्ण अभिव्यक्ति पाई और पिछले 75 वर्षों में लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण में एक अद्वितीय कहानी रखी। बहुदलीय चुनाव, स्वतंत्र न्यायपालिका और स्वतंत्र मीडिया जैसी संरचनात्मक विशेषताएं लोकतंत्र के महत्वपूर्ण उपकरण हैं। हालांकि लोकतंत्र की मूल ताकत वह भावना और लोकाचार है जो हमारे नागरिकों और समाज में निहित है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों ने लोकतांत्रिक विकास के विभिन्न रास्तों का अनुसरण किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम एक दूसरे से बहुत कुछ सीख सकते हैं। हम सभी को अपनी लोकतांत्रिक प्रथाओं और प्रणालियों में लगातार सुधार करने की आवश्यकता है। आज की सभा दुनिया के लोकतंत्रों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एक सामयिक मंच प्रदान करती है। इसमें भारत को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने और नवोन्मेषी, डिजिटल समाधानों के माध्यम से शासन के सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता बढ़ाने में अपनी विशेषज्ञता साझा करने में खुशी होगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**
Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## अब 59 देशों में फैला कोरोना का नया वैरिएंट

**24 नवंबर तक दो देशों में थे ओमिक्रोन के मामले: स्वास्थ्य मंत्रालय**

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक ओमिक्रोन के 25 मामले दर्ज किए गए हैं। सभी मामलों में हल्के लक्षण पाए गए हैं। दुनियाभर में 59 देशों में ओमिक्रोन के मामले पाए गए हैं। कोरोना के मामलों की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि पिछले हफ्ते देश में कुल पाजिटिविटी रेट 0.73 फीसद रही है। पिछले 14 दिनों में 10,000 से कम मामले सामने आए हैं। सक्रिय मामले दो राज्यों में सबसे अधिक हैं। ये दो राज्य केरल और महाराष्ट्र हैं। केरल में 43 फीसद से अधिक सक्रिय मामले और महाराष्ट्र 10 फीसद से अधिक सक्रिय मामले हैं।

लव अग्रवाल ने बताया कि 24 नवंबर तक दो देशों में ओमिक्रोन के मामले दर्ज किए गए थे। अब 59 देशों में ओमिक्रोन के मामले दर्ज किए गए हैं। इन 59 देशों में 2,936 ओमिक्रोन के मामले सामने आए हैं। इसके अलावा 78,054 संभावित मामलों का पता चला है, इनकी जीनोम सिक्वेंसिंग जारी है।